आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)

मंगलवार 03.06.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने देहरादून में रोप वे परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।
- हरिद्वार नगर निगम जमीन घोटाला प्रकरण में मुख्यमंत्री के निर्देश पर दो आईएएस और एक पीसीएस सहित दस अधिकारी निलंबित, दो का सेवा विस्तार समाप्त।
- महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने देहरादून में नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।
- अल्मोड़ा के मल्ला महल में जनजातीय उत्पाद विकास पर आधारित ''आदि बाजार'' प्रदर्शनी में 30 से अधिक जनजातीय उद्यमी हिस्सा ले रहे हैं।

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज देहरादून में प्रदेश में रोप वे परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ ही शासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इससे पहले केंद्रीय मंत्री, देहरादून के एक निजी विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। दीक्षांत समारोह में तीन हजार से अधिक छात्र–छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गईं। इस अवसर पर श्री गडकरी को डॉक्टर ऑफ साईंस की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया।

मुख्यमंत्री कार्रवाई

हरिद्वार में हुए जमीन घोटाले के मामले में दो आईएएस और एक पीसीएस अधिकारी सहित सात अधिकारियों को निलंबित किया गया है। इस मामले में तीन अधिकारी पहले ही निलंबित हो चुके हैं, जबकि दो की पूर्व में सेवा समाप्त की जा चुकी है। इस तरह इस प्रकरण में अब तक 10 अधिकारी निलंबित किए जा चुके हैं। हरिद्वार नगर निगम द्वारा ग्राम सराय में कूड़े के ढेर के पास स्थित अनुपयुक्त दो हेक्टेयर से अधिक भूमि को करोड़ों रुपये में खरीदने पर सवाल उठने के बाद, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस प्रकरण की जांच के आदेश दिए थे। सचिव, रणवीर सिंह चौहान ने मामले की प्रारंभिक जांच कर, रिपोर्ट 29 मई को ही शासन को सौंपी थी। जांच रिपोर्ट के आधार पर मुख्यमंत्री ने कार्मिक विभाग को दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिस पर कार्मिक एवं सतर्कता विभाग ने आज सभी सात आरोपित अधिकारियों को निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए।

इनमें हरिद्वार नगर निगम के तत्कालीन प्रशासक और मौजूदा जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह, तत्कालीन नगर आयुक्त वरुण चौधरी, हरिद्वार के तत्कालीन एसडीएम अजयवीर सिंह, वरिष्ठ वित्त अधिकारी निकिता बिष्ट, वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक विक्की, रजिस्ट्रार कानूनगो राजेश कुमार और हरिद्वार तहसील के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कमलदास को निलंबित कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि कि राज्य सरकार, भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर दृढ़ता से कार्य कर रही है और किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चाहे व्यक्ति कितना भी वरिष्ठ हो, अगर वह जनहित और नियमों की अवहेलना करेगा, तो कार्रवाई निश्चित है। उन्होंने कहा कि हम उत्तराखण्ड में भ्रष्टाचार मुक्त नई कार्य संस्कृति विकसित करना चाहते हैं। सभी लोक सेवकों को इसके मानकों पर खरा उतरना होगा।

पाइन पीट

पर्वतीय क्षेत्रों में बहुतायत मात्रा में पाए जाने वाले चीड़ के पत्ते यानी पिरूल, कोको पीट का विकल्प बनेगा। चम्पावत वन प्रभाग द्वारा विभाग की बस्तियां नर्सरी में पाइन पीट का प्रयोगिक उपयोग कर इसे मिट्टी रहित खेती के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। पाइन पीट की उपयोगिता से जहां अत्यधिक मात्रा में पिरूल के निस्तारण में सहायता मिलेगी, वहीं जैविक कंपोस्ट के रूप में नर्सरी में पौध तैयार करने से भी इसकी उपयोगिता बढ़ेगी। जिले के प्रभागीय वनाधिकारी एन.सी. पंत ने बताया कि जायका योजना के तहत पिरूल से पाइन पीट बनाने की मशीन लगाई गई है। उन्होंने बताया कि इसके बनने से जंगलो से पिरूल का निस्तारण तो होगा ही, जंगलों में आग की घटनाओं पर भी रोक लगेगी।

नियुक्ति पत्र

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने आज देहरादून में नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में 6 हजार 330 आंगनवाड़ी सहायिकाओं और 722 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों यानी 7 हजार 52 पदों पर भर्ती की गई है। उन्होंने कहा कि आज देहरादून जिले में 17 कार्यकत्रियों और 195 सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। जल्द ही अन्य सभी जिलों में भी नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। श्रीमती आर्या ने कहा कि विभाग में आंगनवाड़ी कार्यकत्री व सहायिका के रूप में उच्च शिक्षित बालिकाएं और महिलाएं आ रही हैं, जिससे निश्चित रूप से विभाग की कार्य क्षमता और कुशलता में बढ़ोतरी होगी।

आदि बाजार प्रदर्शनी

अल्मोड़ा के मल्ला महल में केंद्र सरकार के ट्राईफेड जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशन में जनजातीय उत्पाद विकास पर आधारित ''आदि बाजार'' प्रदर्शनी लगाई गई है। भारतीय जनजातीय विपणन विकास संघ, उत्तराखंड की ओर से प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के 30 से अधिक जनजातीय उद्यमी हिस्सा ले रहे हैं। आठ जून तक चलने वाली प्रदर्शनी में हस्तनिर्मित उत्पाद, साड़ियां, कोट, वेस्ट कोट, मूंज –कांसी से निर्मित उत्पाद, लकड़ी और पत्थर की कला कृतिया आदि शामिल हैं। भारतीय जनजातीय विपणन विकास संघ, ट्राईफेड, उत्तराखंड के वरिष्ठ अधिकारी चमन लाल ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य जनजातीय उद्यमियों व शिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पादों को एक सशक्त मंच और विपणन प्रदान करना और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।

बनारस से आए उद्यमी विनोद साह मरकाम ने कहा कि वे बनारसी सूट और जूट का कारोबार करते हैं। अल्मोड़ा में उनको प्रदर्शनी से अच्छा लाभ हो रहा है।

गुलदार हमला मृत्यु

पौड़ी जिले में एकेश्वर विकासखण्ड के सिरोली गांव में पीपली के पास आदमखोर गुलदार के हमले में 54 साल के एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। घटना देर शाम की है, जिसकी जानकारी ग्रामीणों को आज सुबह मिली। इस घटना के बाद स्थानीय निवासियों में आक्रोश है। प्रभागीय वनाधिकारी स्वप्निल अनिरुद्ध ने कहा कि प्रभावित क्षेत्र में पिंजरा लगाने, कैमरे लगाने और पेट्रोलिंग करने के साथ ही वन विभाग, मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक से आदमखोर को ट्रेंकुलाइज़ करने या नष्ट करने का अनुरोध कर रहा है।